# झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची – 834001

## विज्ञापन

ऑनलाईन (Online) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि– **08.05.2020**

विज्ञापन संख्या–02 / 2020

## झारखण्ड राज्य के चिकित्सा पदाधिकारी (नियमित) के पदों पर सीधी नियुक्ति परीक्षा

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रेषित पत्रांक–2 / स्था डी0–01–120 / 2008–17(3) दिनांक–22.01.2020 द्वारा अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से विहित–प्रपत्र में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जो आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | कुल पद | कोटिवार रिक्तियाँ | | | | | | क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत प्रवर्ग कोटि का विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | अ0पि0व0 (अनु0–I) | पि0व0 (अनु0–II) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **(EWS)** | आदिम जनजाति | महिला | खेल कूद | दिव्यांग: दृष्टि निःशक्त (क) | दिव्यांग: श्रवण निःशक्त (ख) | दिव्यांग: चलन निःशक्त (ग) | (घ) स्वलीनता **(Autism)**, बौद्विक निःशक्तता, सीखने की विशेष अक्षमता एवं मानसिक रोगी, और, या (ङ) बहु निःशक्तता **(Multiple disabilities)** जो (क) से (घ) के बीच में निःशक्तता के विभिन्न से स्थितियों के मिलने से हो, यह स्थिति अंधापन एवं बहरापन के मिलने से आ सकता है। |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1. | चिकित्सा पदाधिकारी | **380** | 161 | 124 | 16 | 32 | 10 | 37 | 02 | 19 | 08 | 00 | 00 | 15 | 00 |

**नोटः– कोटिवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।**

2. **वेतनमान** – **PB-II, रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 – 5400 (level-9)**
3. **पद** – स्थायी
4. **परीक्ष्यमान अवधि** – 2 (दो) वर्ष
5. **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हत्ता एवं अनुभवः–**

| पद | शैक्षणिक अर्हत्ता | अनुभव |
|---|---|---|
| चिकित्सा पदाधिकारी | भारतीय चिकित्सा परिषद् तथा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय से एम0 बी0 बी0 एस0 की उपाधि तथा चिकित्सक के रूप में निबंधित होना आवश्यक होगा। | मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल से कम से कम एक वर्ष की इन्टर्नशिप। |

| **Post** | **Educational Qualification** | **Experience** |
|---|---|---|
| Medical Officer | M.B.B.S. From Medical College recognized by medical Council of India and recognized by State Govt. | Atleast One year Internship From recognized Medical College & Hospital. |

6. उम्र गणना की तिथि:–01.08.2020

(a) **न्यूनतम उम्र सीमा** :– **23 वर्ष।**

(b) **अधिकतम उम्र सीमा** :– अधिसूचना संख्या–609 दिनांक–25.01.2016 कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के अनुरूप अधिकतम उम्र सीमा निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | कोटि | अधिकतम उम्र सीमा |
|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित | 35 वर्ष |
| 2. | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I) / पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) | 37 वर्ष |
| 3. | महिला (अनारक्षित / अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I) / पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) | 38 वर्ष |
| 4. | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) | 40 वर्ष |

(c) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प ज्ञापांक–7636 दिनांक–12.10.2018 के अनुरूप दिव्यांगों को उनकी आरक्षण कोटि के लिए निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा में 10 वर्षों की छूट देय है।

(d) **निःशक्तजन के आरक्षण के लिए निःशक्तता की मात्रा** :– केवल ऐसे अभ्यर्थी आरक्षण के लिए पात्र होंगे जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत निःशक्तता से ग्रस्त हो तथा इस निमित्त विहित चिकित्सा प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। विहित प्रमाण पत्र का प्रपत्र आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर विज्ञापन के साथ उपलब्ध है।

7. **नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया** :– अभ्यर्थियों का चयन भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा **एम0 बी0 बी0 एस0** के लिए निर्धारित स्तर का लिखित एवं मौखिक प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर होगा।

**लिखित एवं मौखिक परीक्षा का स्वरूप** :–

**क) लिखित परीक्षा** :– यह Multiple Choice Objective Type होगी, जिसमें 100–100 अंको के निम्न 4 (चार) पत्र होंगे। प्रत्येक पत्र के लिए 2 (दो) घण्टे का समय निर्धारित रहेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | प्रथम पत्र | – | औषधि (सामान्य) | – | 100 अंक |
| (ii) | द्वितीय पत्र | – | (क) शिशु रोग | – | 40 अंक |
| | | | (ख) शिशु कल्याण एवं परिवार नियोजन सहित निवारक औषधि एवं सामुदायिक स्वास्थ्य। | – | 60 अंक |
| | | | | | 100 अंक |
| (iii) | तृतीय पत्र | – | (क) शल्यचिकित्सा (सामान्य) | – | 60 अंक |
| | | | (ख) ऑर्थोपेडिक सहित विकलांग विज्ञान। | – | 40 अंक |
| | | | | | 100 अंक |
| (iv) ~~(iii)~~ | चतुर्थ पत्र | – | (क) आँख | – | 25 अंक |
| | | | (ख) कान, नाक एवं गला | – | 25 अंक |
| | | | (ग) प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान | – | 50 अंक |
| | | | | | 100 अंक |

**ख) मौखिक परीक्षा** – – 40 अंक

**ग) पाठ्यक्रम** – संबंधित विषयों का पाठ्यक्रम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के पाठ्यक्रम के अनुरूप होगा।

**घ) न्यूनतम अहर्त्तांक :– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प ज्ञापांक–13026 दिनांक–27.11.2012 एवं संकल्प ज्ञापांक–7358 दिनांक–12.09.2019 के अनुरूप न्यूनतम अर्हत्तांक निम्नवत् है :–**

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग | 40 % |
| पिछड़ा वर्ग (एनेक्चर–II) | 36.5 % |
| पिछड़ा वर्ग (एनेक्चर–I) | 34 % |
| अनुसूचित जाति / जनजाति एवं महिला वर्ग | 32 % |
| आदिम जनजाति | 30 % |

**नोट :–** 1 अन्तर्वीक्षा के लिए भी उपरोक्त न्यूनतम अहर्त्तांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

2. विज्ञापित रिक्ति के पाँचगुणा से कम या पाँचगुणा के अनुपात में आवेदन पत्र प्राप्त होने के स्थिति में झारखण्ड लोक सेवा आयोग साक्षात्कार समिति द्वारा सीधे साक्षात्कार के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों के चयन कर अनुशंसा संबंधित विभाग को भेजी जायेगी।

3. साक्षात्कार का आयोजन आयोग के Rules of Procedure, 2002 के प्रावधानों के अनुरूप होगा।

8. **आरक्षण का लाभ :–**

(a) आरक्षण का लाभ केवल झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी को (राज्य सरकार के पत्रांक–1754 दिनांक– 25.02.2019 के अनुसार) झारखण्ड राज्य के **सक्षम प्राधिकार यथा जिला दंडाधिकारी / अपर दंडाधिकारी / उपायुक्त / अपर उपायुक्त / अपर समाहर्त्ता / प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी / अनुमंडल दंडाधिकारी / कार्यपालक दंडाधिकारी / सहायक समाहर्त्ता एवं सहायक दंडाधिकारी / अंचल अधिकारी** में से किसी एक पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही देय होगा।

(b) जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति अन्तर्वीक्षा हेतु सत्यापन प्रक्रिया के क्रम में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उम्मीदवारी अनारक्षित कोटि के लिए अनुमान्य होगी। निर्धारित प्रपत्र आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

(c) साक्षात्कार हेतु अभिलेख सत्यापन के समय ऑनलाईन आवेदन में किये गये दावों के अनुरूप सभी वांछित प्रमाणपत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उम्मीदवारी **निरस्त** कर दी जाएगी।

(d) **जाति प्रमाण पत्र हेतु विस्तृत निदेश निम्नवत् है:–**

(i) **अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति :–**

झारखण्ड राज्य के **अनुसूचित जनजाति कोटि एवं अनुसूचित जाति** के उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के पत्रांक–1754 दिनांक– 25.02.2019 द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र–IV में **प्रमाण पत्र साक्षात्कार हेतु अभिलेख सत्यापन के समय तक** झारखण्ड राज्य के **सक्षम प्राधिकार द्वारा** निर्गत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही देय होगा। विहित प्रपत्र आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(ii) <u>अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग-II</u> :–

झारखण्ड राज्य के **अत्यंत पिछड़ा वर्ग-I एवं पिछड़ा वर्ग-II** कोटि के उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के पत्रांक–1754 दिनांक 25.02.2019 द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र–11 (क्रीमीलेयर रहित) में **प्रमाण पत्र साक्षात्कार हेतु अभिलेख सत्यापन के समय तक** झारखण्ड राज्य के **सक्षम प्राधिकार द्वारा** निर्गत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही देय होगा। विहित प्रपत्र आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(iii) <u>आर्थिक रूप से कमजोर नागरिक वर्ग के लिएः</u>– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा झारखण्ड सरकार की सिविल सेवाओं एवं पदों पर सीधी नियुक्तियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए देय आरक्षण हेतु निर्गत संकल्प संख्या–1433 दिनांक–15.02.2019 के आलोक में विहित प्रपत्र (परिशिष्ट–I) में साक्षात्कार हेतु अभिलेख सत्यापन के समय तक झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर ही देय होगा। विहित प्रपत्र आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(e) **खेलकूद कोटा** के अन्तर्गत आरक्षण के दावे की स्थिति में कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–1709 दिनांक–12.09.2007 द्वारा श्रेणी –II के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु निर्धारित निम्न मानक के अनुसार अनुमान्य होगा :–

| **प्रतियोगिता का स्तर** | **उपलिब्ध** |
|---|---|
| (i) अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक कमिटी अथवा उनसे संबंधित फेडरेशनों द्वारा आयोजित प्रतियोगिता। | मेडल |
| (ii) भारतीय ओलम्पिक संघ अथवा उससे सम्बद्ध फेडरेशनों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चैम्पियनशीप स्तर की प्रतियोगिता। | प्रथम स्थान |
| (iii) राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता। | विश्व रिकार्ड |

9. **(i) <u>कदाचार (Misconduct) एवं इसके दुष्परिणामः</u>–**

Candidates are warned that they should not furnish any particulars that are false or suppress any material information in filling up the application form. Candidates are also warned that they should in no case correct or alter or otherwise tamper with any entry in a document or its attested/certified copy submitted by them nor should they submit a tampered/fabricated document. If there is any inaccuracy or any discrepancy between two or more such documents or their attested/certified copies, an explanation regarding this discrepancy should be submitted. A candidate who is or has been declared to be guilty of :

(a) Obtaining support of his/her candidature by any means, or
(b) Impersonating, or
(c) Procuring impersonation by any person, or
(d) Submitting fabricated documents or documents which have been tampered with, or
(e) Making statements which are incorrect or false or suppressing material information, or

(f) Resorting to any other irregular or improper means in connection with his/her candidature for the selection, or
(g) Using unfair means during the test, or
(h) Writing irrelevant matter including obscene language or pornographic matter, sketch, in the script (s), or
(i) Misbehaving in any other manner in the examination hall, or
(j) Harassing or doing bodily harm to the staff employed for the conduct of their test, or
(k) Bringing mobile phone/communication device in the examination Hall/interview room.
(l) attempting to commit or, as the case may be, abetting the Commission of all or any of the acts specified in the forgoing clauses may, in addition to rendering himself/herself liable to criminal prosecution be liable:
    (i) to be disqualified from selection, for which he/she is a candidate, and/or
    (ii) to be debarred either permanently or for a specified period:-
    (iii) Canvassing in any form will disqualify a candidate.

**(ii)** <u>**कदाचार के लिए कार्यवाही**</u> :–

ऊपर वर्णित कदाचार के मामलों में दोषी पाये गऐ अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता किसी भी stage में समाप्त की जा सकेगी। जिसका निर्णय आयोग द्वारा किया जायेगा।

**(iii)** <u>**पूर्व के कदाचार का प्रभाव**</u> :–

वैसे अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने के हकदार नहीं होंगे, जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग अथवा किसी राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा कदाचार या अन्य किसी मामले में परीक्षा से वंचित कर देने का आदेश पारित किया गया है। उम्मीदवारों के परीक्षा में बैठने की पात्रता या अपात्रता के बिन्दु पर आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

10. **परीक्षा शुल्कः–**

(i) परीक्षा शुल्क क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/चालान के माध्यम से SBI Collect पर स्वीकार किये जायेंगे जिससे संबंधित सूचना आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

(ii) अनारक्षित, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I), पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) एवं आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग (ई0डब्ल्यू0एस0) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए परीक्षा शुल्क रू0–**600 (छः सौ) + बैंक चार्ज** मात्र है।

(iii) **परीक्षा शुल्क में छूट–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति, आदिम जनजाति सहित/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू0–**150/–(एक सौ पचास) + बैंक चार्ज** मात्र है। झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से भिन्न अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी एवं बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जायेंगे। **परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।**

(iv) दिव्यांग अभ्यर्थियों (कम से कम 40 प्रतिशत संगत निःशक्तता) को परीक्षा शुल्क में छूट है।

**नोटः– अभ्यर्थी को उपर्युक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विभिन्न बैंकों द्वारा निर्धारित चार्ज भी देना होगा, जिसे ऑनलाईन भुगतान के क्रम में बैंक द्वारा स्वतः बैंक चार्ज के रूप में ले लिया जायेगा।**

11. **आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक शर्त एवं निर्देश :–**

(a) Jharkhand Public Service Commission के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर Online Application System के माध्यम से आवेदन स्वीकार किया जाएगा।

(b) Online Application में अभ्यर्थी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर उनकी अभ्यर्थिता सुनिश्चित की जायेगी। अभ्यर्थी Online Application भली–भाँति विज्ञापन में निहित प्रावधान एवं निर्देश के अनुसार ही भरें। एक बार Online Application में की गयी प्रविष्टि (Entry) के बाद उसमें किसी भी तरह के परिवर्त्तन का अनुरोध आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के पश्चात् स्वीकार्य नहीं होगा।

(c) ऑनलाइन **(Online)** आवेदन प्रपत्र भरने के पूर्व **"How to apply"** (आवेदन कैसे करें) आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर अवश्य पढ़ें। विज्ञापन संबंधी जानकारी के लिए आयोग के **Help Line No. –0651–2213009** ***पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक कार्य दिवस में सुबह–10.00 बजे से शाम 05:00 बजे तक*** **संपर्क किया जा सकता है।**

(d) **ऑनलाइन आवेदन भरने में कोई असुविधा होने पर आयोग के Help Line No. पर कार्य दिवस में सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।**

(e) परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में किसी तरह की जानकारी के लिए Payment Helpline No.– 0651/2213009 संपर्क किया जा सकता है।

(f) Online Application System के द्वारा वांछित स्थान पर अभ्यर्थी अपना स्पष्ट रंगीन (पासपोर्ट साईज) फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर स्कैन कर संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे। **निर्धारित स्थान पर फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर नहीं रहने पर आवेदक की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।**

(g) आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर को छोड़कर अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (BLOCK LETTERS) में ही आवेदन पत्र भरा होना चाहिए।

(h) आवेदक अपने नाम, पिता के नाम की वर्त्तनी (Spelling) वही लिखेंगे, जो मैट्रिक के सर्टिफिकेट अंक पत्र में अंकित है।

(i) जन्म तिथि– आवेदक के मैट्रिक प्रमाण पत्र/अंक पत्र में, जो उनकी जन्म तिथि अंकित यथा तिथि, महीना और वर्ष है वही आवेदन पत्र के यथा निर्धारित स्थान पर लिखें

(j) चयन प्रक्रिया बिना कारण बताये किसी भी समय स्थगित या रद्द करने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

(k) Online Application पत्र किसी भी परिस्थिति में अस्वीकृत होने पर शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(l) अभ्यर्थियों का परीक्षा शुल्क आयोग को विहित माध्यम से प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आवेदन रद्द किया जा सकता है।

(m) आवेदक द्वारा अपने आवेदन में दी गई सूचनाओं एवं किसी भी स्तर पर जाँच के क्रम में कोई गलत सूचना या तथ्य छिपाने का प्रमाण मिलता है, तो आयोग ऐसे आवेदकों की अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए स्वतंत्र होगा।

(n) **साक्षात्कार हेतु अभिलेख सत्यापन के समय ऑनलाइन आवेदन में किये गये दावों के अनुरूप सभी वांछित निम्न प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति मूल प्रति सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :–**

(i) मैट्रिक प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र की छायाप्रति।
(ii) इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र की छायाप्रति।
(iii) भारतीय चिकित्सा परिषद् तथा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय से एम0 बी0 बी0 एस0 की उपाधि एवं अंकपत्र।
(iv) चिकित्सक के रूप में निबंधन संख्या प्रमाण पत्र।
(v) मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल से कम से कम एक वर्ष की इन्टर्नशिप प्रमाण पत्र।
(vi) जाति प्रमाण पत्र/E.W.S. प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।
(vii) मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत विकलांगता प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।
(viii) अनापत्ति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।

(o) साक्षात्कार हेतु अभिलेख सत्यापन के समय उपर्युक्त कंडिका–(n) के अनुरूप सभी वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।

12. अंतिम तिथि :–

(क) आवेदक **Online Application System** के माध्यम से **दिनांक 09.04.2020** से **08.05.2020** रात **11:45 बजे** तक ही **Online** आवेदन कर सकते हैं।

(ख) **दिनांक– 08.05.2020** के बाद **दिनांक–11.05.2020** तक लिंक मात्र परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।